आईआईएम में फेलोशिप कर रहे छात्रों को गवर्नर ने किया संबोधित

झारखंड के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ें

राज्यपाल बोले

राजभवन में गुरुवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते राज्यपाल।

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्यपाल रमेश बैस ने राजभवन में आईआईएम, रांची में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा है। युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर व उन्हें रोजगार का साधन देते हुए, उनकी गरीबी दूर की जा सकती है। कौशल विकास राष्ट्र निर्माण की धुरी है।

राज्यपाल ने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रशिक्षित व्यक्ति रोजगार से नहीं जुड़ पाते हैं और उदासीन हो जाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में भी मदद किया जाए। यहां ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की भी समस्या है। उनके उत्पाद को मार्केटिंग करने वाली संस्था या ऑनलाइन एप से जोड़ने में सहयोग किया जाए। कहा कि एक शिक्षित युवा द्वारा उद्यम स्थापित करने पर कम से कम 4 से 5 लोगों को रोजगार मिल सकता है। फेलोशिप कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें और उनकी परिस्थितियों से अवगत होते हुए उपयोगी सेक्टर का चयन कर उस पर कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मौके पर डॉ नितिन कुलकर्णी और आईआईएम निदेशक डॉ दीपक श्रीवास्तव मौजूद थे।

Hindustan_20.01.2023_Pg. 08